Since 1974

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

अक्टूबर - नवंबर 2024



## परंपरा के सम्मान का अनूठा आयोजन

## पाथ ब्रेकिंग: ज्वैलर्स असोसिएशन यूथ (JAY)

नवाचार | सृजन | समृद्धि

## स्पार्कल्स

जयपुर ज्वैलर्स संगठनों की नायाब पहल




GEMFIELDS

Responsibly mined Zambian emeralds and Mozambican rubies.

*gemfields.com*




# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES

www.precitone.com

202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi-2, Bangkok - 10500 (Thailand)
Phone: 0818011295
Email: anu@precitone.com

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

Since 1974
# जैम वर्ल्ड
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

अक्टूबर-नवंबर 2024 | Volume XXXXII No. 5
Regd. with R.N.I. No. 26126/74

धर्मकांटा
जैम बोर्स
जैम वर्ल्ड
ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)
द प्रीमियम बी2बी शो
ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)
जनोपयोगी भवन
जेएवाई
प्याऊ

**संपादक और डिजाइन**
**गुंजन शर्मा**
Splashierz.com
+91 77427 25334

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13
मो: +91 72299 54040 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

यहाँ पढ़ें संस्करण: https://jajaipur.com/gem-world/



कवर इमेज क्रेडिट:
**वैलेंटाइन ज्वैलरी, जयपुर**

## विषय-सूची

### असोसिएशन सूचना एवं समाचार
नए नेतृत्व, कार्यक्रमों और वैश्विक साझेदारियों पर अपडेट

18 जनोपयोगी भवन का नवीनीकरण प्रारंभ
20 (जेएवाई ) की नेक्स्ट जेन मीट
21



23 **'स्पार्कल्स'**
कौशल निर्माण के लिए एक सार्थक पहल
26 दिग्गजों के सम्मान से रोशन हुआ दिवाली मिलन
33 35





37 थाईलैंड डेलीगेशन का स्वागत
38 दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का आयोजन

### शोज ऑफ़ द वर्ल्ड
दुनिया के प्रतिष्ठित रत्नाभूषण शोज से
खास ट्रेंड्स और महत्वपूर्ण जानकारियाँ

39 म्युनिख शो: प्रदर्शक की नज़र से

## ट्रेंडी अफेयर्स

नवीनतम ट्रेंड्स और इनोवेशन पर एक नज़र


40 ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स 2024 की प्रविष्टियां

41 जैम एंड ज्वैलरी के नए ट्रेंड्स




40



45





46



47

## जीजेईपीसी अपडेट


48 जीजेईपीसी तथा एनजीजेसीआई की बैठक

49 51वां इंडिया जैम एंड ज्वैलरी अवार्ड्स
- गौतम अडानी ने की शिरकत
- जयपुर के प्रमुख ज्वैलर्स ने जीते प्रतिष्ठित पुरस्कार

51 सरकार द्वारा आभूषणों के नए अपव्यय मानदंड निर्धारित


## जीजेएससीआई अपडेट


52 मिलन चौकसी बने सबसे युवा अध्यक्ष


## जानकारी नए जैमस्टोन्स की


59 केस स्टडी: जाम्बियन, इथियोपियन और ब्राजीलियन पन्ना - परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियाँ




59

## डिज़ाइनर्स' कॉलम


63 छात्रों की रचनात्मक प्रतिभाएं
- ज्वैल एक्सेल बाए अमिता जैन
- जेडीए छात्र वर्ग के पुरस्कृत डिज़ाइन्स




64



66





## एसजीजेआईए अपडेट


67 दिवाली मिलन के साथ सम्मान समारोह


## नॉलेज शेयरिंग


68 पूरी दुनिया से 'रिंग्स' थीम पर डाक टिकटों का संग्रहण

70 टिकट विवरण और जानकारी











68

## जैमफील्ड्स अपडेट


71 50वां काजेम ऑक्शन




71

Since 1927 Jewellers Association Jaipur

# जैम वर्ल्ड
# सत्र 2024-2026

## सलाहकार मंडल



**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**मनोज धांधिया**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# कार्यकारिणी समिति
## सत्र 2024-2026


**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष


**राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला**
उपाध्यक्ष


**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री


**अजय गोधा**
संयुक्त सचिव


**गोविन्द प्रकाश अग्रवाल**
कोषाध्यक्ष


**अभिषेक सांड**
सदस्य


**अनिल बम्ब**
सदस्य


**अनिल ताम्बी**
सदस्य


**अशोक माहेश्वरी**
सदस्य


**डी. पी. खण्डेलवाल**
सदस्य


**गोविन्द कुमार गुप्ता**
सदस्य


**महावीर कुमार डागा**
सदस्य


**निर्मल कुमार बरड़िया**
सदस्य


**पंकज सौंखिया**
सदस्य


**प्रकाश कुमार बैद**
सदस्य


**सुनील कुमार नाहर**
सदस्य


**विजय केड़िया**
सदस्य


**विष्णु अवतार मेठी**
सदस्य

Jewellers Association Jaipur Since 1927

# उप-समितियां
# सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मण्डल
**संयोजक एवं मानद मंत्री**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मनोज धांधिया
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर कुमार ठोलिया

### यूथ विंग उपसमिति
**संयोजक**
गोविन्द कुमार गुप्ता
**सदस्य**
आगम मुणोत
अंकित खण्ड़ेलवाल
अंकित लोढ़ा
अर्जुन सौंखिया
अर्पण डंगायच
आशीष फोफलिया
कपिल बजाज
कुणाल गोधा
महेश खटोरिया
राघव कूलवाल
राघव अग्रवाल
संभव कोठारी
शिरीष अग्रवाल
सिद्धार्थ लुणावत
सुधांशु बलदुआ
वैभव धांधिया
वैभव हेड़ा
विजित नवलखा
यश डंगायच

### सप्ताहिक बाजार व बेराजगार कारीगरों एवं कर्मचारियों का सूचीकरण
**संयोजक**
विष्णु अवतार मेठी

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
अविनाश खण्ड़ेलवाल
भारत भूषण गुप्ता
निखिल अग्रवाल
पुरषोत्तम अग्रवाल
राकेश कुमार डागा
सुरेंद्र मांधना

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) आयोजन उपसमिति
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सह-संयोजक**
नरेश अगरोया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अजय गोधा
अनिल बम्ब
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दीपक साहू
गौरव जैन
गौरव फोफलिया
गोविन्द कुमार गुप्ता
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
केदार गुप्ता
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मनोज धांधिया
मुकेश विजय
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलरा
पंकज सौंखिया
पारस ठोलिया
पवन बजाज
प्रकाश कुमार बैद
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राम शरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संदीप जैन
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील कुमार नाहर
सुनील मणिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
विष्णु कुमार मेठी
यशेष ताम्बी

### के वाय सी समिति
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
अदित बरड़िया
अरुण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन मंडोत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संजय डागा
सुधीर ठोलिया
सुनील जैन
सुनील मणिहार

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# उप-समितियां सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

## समाज सेवा

**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

**सदस्य**
अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
ब्रज किशोर अग्रवाल
धर्मेंद्र चोपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेंद्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड़
नीरज खण्ड़ेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय (मांधना)
राम शरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता

## परिचय-पत्र, प्रमाण पत्र एवं डाइरेक्ट्री

**संयोजक**
अजय गोधा

## JAGS शो

**संयोजक**
अभिषेक सांड

**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक संचेती
आनन्द राव
आशीष बोथरा
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेंद्र चोपड़ा
घनश्याम साहू
जय अग्रवाल
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
नील कंठ भंडारी
राजेश कटारिया
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
सौरभ खण्ड़ेलवाल
विजय लश्करी

## धर्मकांटा उपसमिति

**संयोजक**
सुनील कुमार नाहर

**सदस्य**
अभय कुमार मुणोत
अमित झालानी
अन्नू फोफलिया
इरेश अग्रवाल
मुकेश नाहर
सीताराम विजयवर्गीय
सुनील साहू

## कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम उपसमिति

**संयोजक**
अनिल ताम्बी

**सदस्य**
अरूण गोखरू
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
राजेश धामाणी
सुनील शर्मा
पंकज घीया (एडवोकेट)

## रतन दलाल उपसमिति

**संयोजक**
सुनील कुमार नाहर

**सदस्य**
अनिल कुमार डागा
दीपक मालपानी
हरीश भुखमारिया
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मोहम्मद खालिद अंसारी
नवल बिहारी गुप्ता
शरद अग्रवाल
सुरेश मूथा
युवराज सिंधड़

## पंच फैसला उपसमिति

**संयोजक**
विजय केड़िया

**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दिनेश खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

## सदस्यता प्रपत्र जांच समिति

**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल

**सदस्य**
अरुण गोखरू
अजय गोधा
सुधांशु रावत
वेणी प्रसाद गुप्ता

## सेमीनार उपसमिति

**संयोजक**
गोविन्द कुमार गुप्ता

**सदस्य**
अभिषेक सेठ
अदित बरड़िया
आलोक चौरड़िया
अंकुर शाह
अंशुल गोलेछा
बनवारी मुंदड़ा
महेश खटोरिया
निदेश जैन
रमेश चन्द गुप्ता
सुधांशु बलदवा
विजय जोहर

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# उप-समितियां
# सत्र 2024-2026

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष आलोक सौंखिया एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जनोपयोगी भवन उपसमिति
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
अजय पालेचा
अजय सेठिया
आलोक चौरड़िया
अमित जैन
अशोक पीतलिया
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
दीपक मित्तल
दीपक श्रीमाल
जितेन्द्र मूथा
नील कंठ भंडारी
निर्मल कुमार बरड़िया
प्रवीन मेहता
प्रकाश कुमार बैद
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रमेश चन्द गुप्ता
संदीप गुप्ता
संजय डागा
श्रीकिशन खण्ड़ेलवाल
सुनील मणिहार
सुरेन्द्र बडेर
विजय केड़िया

### डिजिटाइजेशन/IT/ Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला

### ज्वैलर्स असोसिएशन भवन एवं प्याऊ रख-रखाव उपसमिति
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
अन्नू फोफलिया
अरूण डागा
आशीष बंग माहेश्वरी
गौतम कुमार डागा
गौतम पंसारी
किशन मूंदड़ा
महेश गुप्ता
मोहित चौरड़िया
रफीक अहमद
संदीप गर्ग
शैलेश कुमार मेहता
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
युवराज सिंधड़

### वित्त संग्रह
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया
**सदस्य:**
अनिल ताम्बी
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राम शरण गुप्ता
संजय काला
सुनील मणिहार
विजय केड़िया

### डिसपेन्सरी एवं जरूरतमंद सदस्यों की सहायता
**संयोजक**
प्रकाश कुमार बैद

### विधान संशोधन
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य:**
अरुण गोखरू
मनोज धांधिया
निर्मल कुमार बरड़िया
राजीव जैन
संजय काला
सुनील जैन
विजय केड़िया

### अनुसंधान, विकास और विनिर्माण
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अनंत ओसवाल
अमित कोटावाला
मनोज धांधिया
प्रवीण मेहता
राज कुमार जैन
राजेश धामाणी

### असोसिएशन गोठ
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
अब्दुल राशिद (पप्पू)
अनिल कुमार गोदिया
अनिल ताम्बी
अनुपम लोढ़ा
अशोक माहेश्वरी
दीपक पटेल
जी.एल. अग्रवाल
गौरव जैन
गौरव फोफलिया
गौतम डागा
गोविंद प्रकाश अग्रवाल
हरीश भुखमारिया
जगदीश शर्मा
जितेंद्र शेखावत
केदार गुप्ता
किशन मूंदड़ा
महावीर डागा
महावीर ठोलिया
मनीष बंसल
नरेश अगरोया
नसीर खान
नीलकंठ भंडारी
पंकज सौंखिया
प्रकाश कुमार बैद
राज कुमार लुणावत
राजीव नागौरी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
शरद गोयल
सुधीर कुमार ठोलिया
सुनील गुप्ता
सुनील मणिहार
सुनील नाहर
सुरेंद्र मांधना
सुरेश मुथा
तस्किन खान
विष्णु अवतार मेठी

### टी.आर.सी.
**संयोजक**
अनिल बम्ब
**सदस्य:**
अनिल ताम्बी
अशोक पितलिया
कमल जिंदल
कमल कुमार कोठारी
प्रकाश कुमार बैद
विष्णु अवतार मेठी
बिट्ठलदास माहेश्वरी




Jaipur | Mumbai | Bangalore | Hyderabad | Chennai
www.achaljewels.com
Achaljewels | achaljewels | office@achaljewels.com

GEM PLAZA
MAGNIFICENT JEWELS



Flagship store : Khetan Bhawan, M. I. road, Jaipur-302001, India
t: +91 141 2367948 e: showroom@gemplaza.net

Factory : G-1/21-23, Gems & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India
t: +91 141 2770535 e: mail@gemplaza.net

www.gemplaza.net

# LUNAWAT GEMS

RESPONSIBLE JEWELLERY COUNCIL
— Certified Member —
0000 4044






Jaipur Gem

Scan and Shop from India's Biggest Online Gemstone Portal

**WWW.JAIPURGEM.COM**

H-172-173, SEZ-II[nd], Sitapura Industrial Area
Jaipur, Rajasthan, India (302022)

Phone No: +91-141-277-1172,1173
Email: contact@lgcindia.com


valentine®
JAIPUR
- Visit us -
IIJS
INDIA INTERNATIONAL JEWELLERY SHOW
SIGNATURE 2025
4th - 7th January 2025
Jio World Convention Centre, Mumbai
Hall No.: JWCC
The Select Club- Jio-P 25g
VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT LTD
order@valentinejewelleryindia.com
+91-7412077886
valentinejaipur
VALENTINE JADAU
val.jadau@gmail.com
+91-7412077880
valentinejadau
VALENTINE SILVER INTERNATIONAL
contact@valentinesilver.com
0141-2770333
valentinesilverinternational
ADDRESS: G1-15,16 Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura Jaipur-302022 INDIA | www.valentinejaipur.com

# Unleash the Radiance of Every Gemstone, Embrace the Extraordinary!



**Rubellite**

**Pink Morganite**





**Paraiba**

**Tanzanite**



**Corporate Office**

24, Bardiya Colony Museum Road
Jaipur - 302004 India
Phone : 91-141-2533092, 2533050
Email : rmc@rmcgems.in

RMC®
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**

G1-18 & 19, SEZ Phase 1st Sitapura Industrial Area
Tonk Road Jaipur - 302022 India
Phone : 91-141-2770687-88-89
Email : rmc@rmcgems.in

# GEM INDIA EXPORTS

*Praveen Mehta*
*Sudhir Kothari*
*Sunil Kothari*
*(Directors)*

*Prateek Mehta*
*Sambhav Kothari*
*Karthik Mehta*
*(Directors)*

*India's largest Lapidary Cutting 50 kind of Gem Stones at one roof.*
*This Process is backed up with ethical and Responsible Sourcing from miners.*





TANAZNITE



AQUAMARINE



PEACH MORGANITE



TOURMALINE

**Trade Enquiry**
+91 9819130949, +91 8890601740, +91 7300136857
info.gemindiaexports@gmail.com

4780, K.G.B. Ka Rasta, Johari Bazar,
Jaipur (Rajasthan) INDIA-302003

www.gemindiaexports.com


Jewellers
Association
Jaipur
Since 1927
jas
connect to source
THE PREMIUM B2B SHOW
JULY
2025
4
5
6
NOVOTEL JAIPUR CONVENTION CENTRE
CONNECT
to
SOURCE
252, Johari Bazar, Jaipur | Ph: +91 141 4034112, 4034113, +91 9352370067 Email: info@jasjaipur.com
www.jasjaipur.com

# जनोपयोगी भवन का नवीनीकरण प्रारंभ









पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों सहित अन्य ज्वैलर्स असोसिएशन सदस्य नवीनीकरण कार्य के उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे

जनोपयोगी भवन जयपुर में ज्वैलर्स समुदाय द्वारा निर्मित एक प्रतिष्ठित स्थल है, जो शहर की प्राइम लोकेशन जनता कालोनी में स्थित है। जैसा कि नाम से इंगित है, जनोपयोगी भवन वस्तुत: सामाजिक तथा व्यापारिक गतिविधियों के आयोजन का बहु उपयोगी केंद्र है। जयपुर में बाहर से आने वाले रत्नाभूषण कारोबारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी इस भवन में है। यहां अनेक तरह की व्यापारिक मीटिंग्स तथा प्रदर्शनियों आदि का अक्सर आयोजन किया जाता रहा है। इस भवन की आधारशिला 31 अगस्त 1969 को रखी गई थी, तब स्वर्गीय लक्ष्मी कुमार कासलीवाल जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष तथा स्वर्गीय ज्ञान चंद कोठारी सचिव थे। भवन तैयार होने के बाद इसका शुभारंभ 07 अप्रैल 1972 को किया गया था, तब स्वर्गीय लक्ष्मी कुमार कासलीवाल जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष थे और स्वर्गीय सिरह मल नवलखा सचिव थे। यह इन दिग्गज जौहरियों का ही प्रयास था, जो यह भवन बन पाया। यह भवन जयपुर के ज्वैलर्स समुदाय के लिए न केवल शान की बात है बल्कि सामान्यतः निजी आयोजनों के लिए भी बहुत रीजनेबल लागत पर सुलभ रहता है। इस भवन को शादी-विवाह से लेकर जन्मोत्सव, वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य निजी आयोजनों के लिए उपयोग में लिया जा सकता है। इस भवन को निर्मित हुए 55 साल के करीब हो गए है, जब बनाया गया था तब यह उस समय की आवश्यकताओं के अनुरूप था। अब जबकि जयपुर का विस्तार हुआ है, निजी तथा व्यवसायिक आयोजनों की विविधता बढ़ी है, अन्य अनेक तरह की व्यवहारिक आवश्यकताएं भी नजर आने लगी हैं, इस स्थिति को देखते हुए ज्वैलर्स असोसिएशन की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने तय किया है कि इस भवन का नवीनीकरण किया जाए। इसके लिए पहले चरण में वर्तमान भवन तथा कमरों का नवीनीकरण किया जाएगा। दूसरे चरण में तीन बड़े हॉल बनाए जायेंगे। वैदिक मंत्रों के साथ नवीनीकरण का कार्य 28 नवंबर को

प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के पदाधिकारी तथा अनेक प्रमुख ज्वैलर्स उपस्थित थे। नवीनीकरण के प्रथम चरण की लागत चार करोड़ रुपए आंकी गई है। इस लागत की वित्तीय पूर्ति के लिए अनेक ज्वैलर्स ने स्वतः सहयोग दिया है तथा एक प्रेरणा जागृत की है। ज्वैलर्स असोसिएशन ने जयपुर के सभी ज्वैलर्स से इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए निवेदन किया है।



**महावीर डागा**
संयोजक,
जनोपयोगी भवन

जयपुर के ज्वैलर्स के बीच जनोपयोगी भवन सर्व विदित है तथा इसके बारे में बताने की कोई आवश्यकता भी नहीं है, इसलिए कि ज्वैलर्स का लगाव और जुड़ाव इस भवन से तन, मन और धन तीनो से रहा है। चूंकि भवन को बने 55 साल हो गए हैं, अतः व्यवहारिक तौर पर नवीनीकरण आवश्यक हो गया है। असोसिएशन ने इस बारे में फैसला भी ले लिया है और कार्य प्रारंभ हो चुका है। दो चरणों में काम हो रहा है। पहले चरण में कमरों में नवीनीकरण होगा, सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। दूसरे चरण में तीन बड़े हॉल का निर्माण किया जाना है। भवन संयोजक होने के नाते मेरी अपील है कि सभी ज्वैलर्स आगे आयें और इस पुनीत नवीनीकरण के कार्य में सहयोग प्रदान करें। हम इस इमारत को भविष्य की आवश्यकतानुसार बेहतरीन बनाना चाहते हैं।







**निर्मल बरड़िया**
कार्यसमिति सदस्य, पूर्व अध्यक्ष,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

पांच दशक पूर्व बना यह भवन पिछली पीढ़ी द्वारा ज्वैलर्स समुदाय को दी गयी एक बहुत महत्वपूर्ण सौगात हैं। ज्वैलर्स असोसिएशन ने इस का बहुत अच्छे से रख रखाव तथा संचालन किया है। समय के साथ नवीनीकरण आवश्यक हो गया है। जिस उद्देश्य के लिए भवन बनाया गया था उनकी यथोचित पूर्ति यहां होती है। हम तो यही कह सकते हैं कि नवीनीकरण के पश्चात् यह भवन जनोपयोगी साबित होगा और जन जन को इसकी उपयोगिता का लाभ मिलता रहेगा।



**विजय केड़िया**
कार्यसमिति सदस्य, पूर्व अध्यक्ष,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जनोपयोगी भवन जयपुर के ज्वैलर्स की जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इसके हॉल, कमरे तथा लॉन बहुत रीजनेबल लागत पर सुलभ हैं। कमरे पांच दशक पुरानी शैली में निर्मित हैं, वक्त के साथ बदलाव और नवीनीकरण की आवश्यकता को महसूस किया गया। इस कार्य के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जो इस पूरे कार्य का निष्पादन कर सकेगी। नवीनीकरण के जरिए सैंपल रूम का काम तो हो भी गया है। जिसे सभी ज्वैलर्स साथी विजिट कर देख सकते हैं। इस तरह का बदलाव सभी 32 कमरों में किया जाएगा। सैंपल रूम जिन्होंने देखा है बहुत पसंद किया है।



**डी पी खण्डेलवाल**
कार्यसमिति सदस्य, पूर्व अध्यक्ष,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जयपुर के सभी ज्वैलर्स के लिए यह भवन गौरव की बात है। इस भवन से सभी की यादें जुड़ी हुई हैं। असोसिएशन के चुनाव से लेकर जैम्स शो का आयोजन तथा अन्य गतिविधियों तक अनेक ऐसे कार्यक्रम यहां हुए हैं जो यादगार कहे जा सकते हैं। जनोपयोगी भवन इन सब का साक्षी रहा है। भवन के कमरे पांच दशक पुराने हैं, तब से अब तक रहन-सहन तथा आवश्यकताएं बहुत बदली हैं। इसे देखते हुए कमरों में भी बदलाव की जरूरत महसूस की गई, साथ ही भवन के अन्य हिस्सों को दीर्घकालिक बनाने के लिए सुधार की आवश्यकता थी। नवीनीकरण का काम पूरा हो जाने के बाद इस भवन का आधुनिक स्वरूप निखर कर सामने आएगा और तब यह भवन व्यापारिक गतिविधियों तथा निजी आयोजनों के लिए एक श्रेष्ठ स्थल बन सकेगा।

# ज्वैलर्स असोसिएशन यूथ (जेएवाई) की

# नेक्स्ट जेन मीट

### ...एक इंटरैक्टिव सत्र




'जेएवाई' अर्थात 'ज्वैलर्स असोसिएशन यूथ' से जुड़े युवाओं का आपसी संवाद कार्यक्रम 27 नवंबर 2024 को होटल हयात पैलेस, जयपुर में हुआ, मौका था नेक्स्ट जेनरेशन मीट का। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने 40 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले युवा ज्वैलर्स के इस संगठन को प्रमोट किया। यह संगठन जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के अनुभवी सदस्यों की सरपरस्ती में विजनरी एप्रोच तथा इनोवेटिव सोच के साथ गतिशील है।

नेक्स्ट जेनरेशन मीट में ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के कमेटी मेंबर्स भी शामिल हुए। इस आयोजन का मकसद था 40 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले ज्वैलर्स कारोबारी आपस में एक-दूसरे से मिलें, जाने, समझें तथा प्रोफेशनली कनेक्ट हो। एक पारिवारिक माहौल में मुलाकात होती है तो कनेक्ट अच्छा बनता है।

इस मीटिंग में दो बातें थी, पहली यह कि युवाओं का आपसी समन्वय हुआ, साथ ही ज्वैलर्स असोसिएशन के अनुभवी सदस्यों के अनुभव का लाभ भी मिला। वैसे तो जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन से युवा और वरिष्ठ जितने भी सदस्य जुड़े हुए हैं उनका अपना-अपना अनुभव है और इस तरह की मीट से आपसी नालेज शेयरिंग बहुत अच्छी तरह से हुई।

जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन ने युवाओं का यह समूह 'जेएवाई' के नाम से बनाया है, इसमें असोसिएशन के युवा सदस्य (40 वर्ष से काम आयु वाले) शामिल हैं और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क का प्रावधान नहीं हैं।



**गोविंद कुमार गुप्ता**
संयोजक, जेएवाई

*सामान्यतः ज्वैलरी से जुड़े युवा कारोबारी नियमित जीवन में अपने काम में व्यस्त रहते हैं, एक दूसरे से निजी संपर्क अपने कारोबार के दौरान ही हो पाता है। 'जेएवाई' बनाने के पीछे मकसद यही था कि हम मिलने का दायरा बढ़ाए। जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन की सदस्य संख्या बहुत बड़ी है, युवाओं की तादाद भी काफी है, लेकिन सतत मिलना हो नहीं पाता। कारोबारी और निजी संबंध तभी प्रगाढ़ होंगे जब आपस में मिलना जुलना जारी रहेगा। नेक्स्ट जेनरेशन मीट के आयोजन का मकसद भी यही है। हर युवा ज्वैलर के पास अपने काम का अपना हुनर है, आगे के विस्तार के लिए अपनी सोच है, यह हुनर, ज्ञान तथा सोच आपस में शेयर हो और युवा एक दूसरे से बिजनेस व पर्सनल रिलेशन बनाएं और बढ़ाए तभी तो जयपुर की ज्वैलरी इंडस्ट्री के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा।*




# JAY मीट पर नई पीढ़ी का दृष्टिकोण



**संभव कोठारी**
समिति सदस्य (जेएवाई)
जैम इंडिया एक्सपोर्ट्स

*'जेएवाई' ज्वैलर्स असोसिएशन की एक सार्थक पहल है, जिसने जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की युवा पीढ़ी को एक साथ लाकर आपसी सहयोग, सीखने और एक साथ आगे बढ़ने की सोच को साकार किया है। यह मंच नेटवर्किंग और नॉलेज शेयरिंग के साथ युवाओं को एकजुट करता हैं साथ ही इंडस्ट्री के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका को भी मजबूत करता है। यह अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने और उनके कौशल को निखारने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। मेरा मानना है कि 'जेएवाई' युवा पीढ़ी को इंडस्ट्री से जोड़ने का एक शानदार माध्यम बनकर उभरा है।*



**विजीत नवलखा**
समिति सदस्य (जेएवाई)
वीएच ज्वैलर्स एंड कफकेयर

*'जेएवाई' एक प्रभावशाली पहल है, जिसने जयपुर की प्रतिष्ठित ज्वैलरी इंडस्ट्री के युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया है। यह प्लेटफार्म युवाओं को ज्वैलरी इंडस्ट्री की चुनौतियों पर चर्चा करने और समाधान तलाशने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। निजी और व्यावसायिक मुद्दों पर सलाह-मशविरा करना भी बेहद लाभकारी साबित होता है। हम ऐसे और भी इवेंट्स आयोजित करेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य इस इंडस्ट्री से जुड़े सभी युवाओं के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है। यह इवेंट हम सभी के लिए एक शानदार अनुभव प्रदान करने वाला रहा।*



**देवांश झालानी**
कानवी ज्वैल्स

हमारे जैसा युवा ज्वैलरी कारोबारी जब 'जेएवाई' के इवेंट में होता है तो लगता है कि हम अपने आप को वैचारिक रूप से समृद्ध बना रहे हैं। जिन बड़े कारोबारियों ने अपने बिजनेस दशकों से चलाए हैं, उनसे मिलना और उनसे सीखना एक आशीर्वाद की तरह है। साथ ही इस मंच पर आकर हम अपने ब्रांड को और व्यापक बना सकते हैं, क्योंकि यह मंच उसके लिए हमे ऐसे अवसर प्रदान करता है। यहाँ नेटवर्किंग और एक्सपोज़र के अलावा नए और इनोवेटिव आइडियाज़ जानने का अवसर मिलता है। सफल कारोबारियों की कहानियाँ न केवल प्रेरित करती हैं बल्कि भविष्य की रणनीतियों और कार्य योजनाओं का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं।



**हर्ष गुप्ता**
आरजीबी जैम्स

'जेएवाई' एक नेटवर्किंग मंच मात्र नहीं बल्कि एक अवसर है असोसिएशन के दिग्गजों से मिलने का, उनके विचारों को जानने का। जब मैं इस इवेंट से लौटा तो पाया कि मेरी सोच में सकारात्मकता बढ़ी है। साथ ही ऐसे दिग्गजों से कनेक्ट होना एक अनमोल पल रहा जहां हमारी सीनियर पीढ़ी अपना अनुभव और ज्ञान हमसे सांझा कर रही हैं और यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। 'जेएवाई' टीम का आभार और साधुवाद जो इतना नायाब अवसर हमें दिया। हम दिल से कृतज्ञ है।



## JAY मीट पर नई पीढ़ी का दृष्टिकोण



**सूर्यांश जैन (पंसारी)**
रतन ट्रेडिंग कंपनी
सह संस्थापक : माघा ज्वैल्स

'जेएवाई' एक ऐसा प्रयास है जहां नई पीढी के ज्वैलर्स को आपस में नए कनेक्शंस बनाने के साथ-साथ बाजार की स्थिति को रियल टर्म में जानने का अवसर भी मिलता है। एक कारोबारी के तौर पर यह कहा जा सकता है कि यह मंच अनुभवी व्यापारियों से मिलने और एक व्यापारिक बाजार का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करता है। 'जेएवाई' चूंकि ज्वैलर्स असोसिएशन द्वारा स्थापित है, इस असोसिएशन ने अपने सदस्यों को हमेशा से सहयोग और विश्वास प्रदान किया है, अतः यह एक भरोसेमंद मंच है और यहां कारोबारियों से कनेक्ट होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।





**शुभम खंडेलवाल**
रेड माउंटेन जैम्स

मैं अपनी तरफ से इस इवेंट को 5 स्टार दे रहा हूं। इस तरह के इवेंट में आने से युवा ज्वैलर्स में आत्मविश्वास के साथ- साथ सोशल स्किल भी बढ़ती है। बाजार की नवीनतम जानकारी, कारोबारी ट्रेंड्स, आवश्यक सूचनाएं तथा जैम स्टोंस कटिंग की नई तकनीक के बारे में भी पता चलता है। इस इंडस्ट्री में नए मित्र बनाने का मौका मिलता है, ऐसा इसलिए है क्योंकि जयपुर की जो ज्वैलरी इंडस्ट्री है उसमें नई पीढ़ी का प्रवेश आनुपातिक रूप से घट रहा है। परन्तु पुराने घरानों की युवा पीढ़ी को जब इस फील्ड में सक्रिय देखते है तो अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। अतः ऐसे प्रेरणा दायक इवेंट्स निरंतर होते रहने चाहिए।










**मेहुल चौधरी**
लेपिडेरियंस

मैं जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन का आभार व्यक्त करता हूं, जिसने यह सार्थक पहल की है। वरना अभी तक ज्वैलरी शो ही ऐसे माध्यम रहे हैं जिनमें ज्वैलरी इंडस्ट्री के अधिकतर साथियों से मिलने का मौका मिला है। 'जेएवाई' केवल एक मुलाकात तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें इंडस्ट्री के वर्तमान ट्रेंड को जानने का अवसर मिलता है। भविष्य में व्यापार की संभावनाओं पर युवा और अनुभवी दोनो पीढ़ियों की सोच से अवगत होने का मौका मिलता है।



**प्रतीक अग्रवाल**
देवी रत्न ज्वैल्स

'जेएवाई' एक बेहतरीन प्लेटफार्म है, जहां आकर हम अपने फील्ड के साथियों से मिलते हैं, उनसे मुलाकात होती है जान-पहचान बढ़ती है और एक-दूसरे की कारोबारी आवश्यकता को समझते हुए बिजनेस डील्स की तरफ बढ़ने का अवसर मिलता है। मेरा मानना है कि इस प्रकार के आयोजन का और अधिक विस्तार हो अर्थात इसकी आवृत्ति बढ़ाई जाए। अधिक मुलाकातें होंगी तो लोग भी अधिक कनेक्ट होंगे तथा और अधिक कारोबार बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। भविष्य में इस प्रकार के और इवेंट्स के लिए हम उत्साहित हैं।

# ‘स्पार्कल्स’

## कौशल निर्माण के लिए जयपुर ज्वैलरी इंडस्ट्री की एक सार्थक पहल



इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी (IIGJ), परिसर सीतापुरा में 26 नवंबर 2024 को ‘स्पार्कल्स’ प्रोग्राम लांच किया गया। यह एक सार्थक पहल है जिसके लिए ज्वैलर्स असोसिएशन ने 16 नवंबर, 2024 को हुए दीवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम में एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। वर्तमान में जयपुर में जैम एंड ज्वैलरी का काम बहुत बढ़ गया है, लेकिन इस काम को दक्षता के साथ करने वाले स्किल्ड आर्टिजंस की बहुत कमी है। इस कमी को दूर करने तथा भविष्य में आर्टिजंस की उपलब्धता बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए इस पहल की शुरुआत की गई हैं। जब सुदक्ष कार्य शक्ति उपलब्ध होगी, तभी जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री सतत कार्य करती रहेगी।

‘स्पार्कल्स’ में जयपुर के चार प्रमुख संगठन ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA), जयपुर ज्वैलरी शो (JJS), सीतापुरा जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री असोसिएशन (SGJIA) तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी (IIGJ) भागीदार हैं। चारों दिग्गज संगठनों के सांझे में हुई यह कोशिश कामयाबी की बड़ी मंजिल हासिल करेगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है। इंडस्ट्री के सतत विकास के लिए, इस पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस प्रोग्राम के पहले बैच में 25 लोगों को जैम स्टोंस की कटिंग व पालिशिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि दो महीने की होगी और उसके बाद इन्हें मेरिट के आधार पर नियोजन के अवसर मिलेंगे।





**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जैम स्टोंस की कटिंग तथा पालिशिंग का काम करने वाले आर्टिजंस की संख्या लगातार घट रही है और यह स्थिति जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए सच में बहुत चिंताजनक विषय है। हम सभी इस तथ्य को जानते हैं तथा स्थिति का समाधान सुनिश्चित हो, इसीलिए यह पहल की गई है। स्पार्कल्स कार्यक्रम के तहत एक पायलट प्रोजेक्ट हाथ में लिया गया है, इसके प्रथम चरण में 25 प्रशिक्षणार्थी होंगे जो दो माह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद प्रशिक्षणार्थियों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। जयपुर में जैम स्टोंस का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिस कारण जैमस्टोन कटिंग व पालिशिंग का काम जानने वाले कारीगरों की आवश्यकता भी बढ़ रही है। उम्मीद है यह पहल संपूर्ण जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए सार्थक साबित हो सकेगी।

**नीरज लुणावत**
सचिव,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के चार प्रमुख संगठनों ने एकजुट होकर कमिटमेंट के साथ कौशल-निर्माण के लिए एक सार्थक पहल की है। इस पहल से न केवल इस ट्रेड को कुशल कारीगरों की जो जरुरत है उसकी पूर्ति होगी बल्कि नई तकनीक का उपयोग भी कारीगर सीख सकेंगे जिससे उनकी कार्य उत्पादकता बेहतर हो सकेगी। इस पहल का मकसद केवल अल्पकालिक आवश्यकता की पूर्ति मात्र नहीं है बल्कि दीर्घ कालिक व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आज चार संगठनों ने आर्टिजंस की कमी पर यह पहल की है, जो आगे अन्य क्षेत्रों में भी हो सकती है यह भी इंगित हो रहा है।




**बाएं से दाएं: अंकित लोढ़ा, विवेक काला, राजीव जैन, अलोक सौंखिया, नीरज लुणावत, आनंद राव**

**अरविंद गुप्ता**
अध्यक्ष एसजीजेआईए

स्पार्कल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम एक महत्वपूर्ण कोशिश है। ऐसा पहली बार हुआ है जब जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री से जुड़े चार प्रमुख संगठन किसी मकसद को लेकर एकजुट हुए हैं और कौशल विकास कार्यक्रम को इतनी बड़ी अहमियत दी है। जेजेएस इस कार्यक्रम को स्पोंसर कर रही है, वही आईआईजीजे इस कार्यक्रम संचालन के लिए जगह उपलब्ध करा रही है। जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन तथा एसजीजेआईए ने सुनिश्चित किया है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को रोजगार सुलभ करायेंगे। हम इस साझेदारी के निर्वहन के लिए कृतसंकल्प है और उम्मीद है कि जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में कुशल कारीगरों की जो दिक्कत है, उसका समाधान हो सकेगा।

**डा. नवल अग्रवाल**
चेयरमैन, आईआईजीजे

आईआईजीजे की ओर से जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को सक्षम मैन पावर सुलभ कराने की दिशा में लगातार बड़ा काम किया जा रहा है, फिर भी प्रशिक्षणार्थियों की संख्या उतनी नहीं है, जितनी कि इस इंडस्ट्री को आवश्यकता है। इसीलिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जेजेएस तथा एसजीजेआईए से मिलकर एक नई पहल की गई है, उम्मीद है इससे बहुत अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। अभी 25 छात्रों को पायलट प्रोग्राम में रजिस्टर किया गया है, आगे यह संख्या और बढ़ाई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को उचित स्टाइपेंड भी दिया जाएगा और साथ ही नियोजन का भरोसा भी। स्पार्कल्स अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

**राजीव जैन**
मानद सचिव जेजेएस

जयपुर विश्व भर में जैम स्टोंस कटिंग और पालिशिंग का बड़ा केंद्र है। परन्तु यहाँ स्किल्ड मैन पावर का अभाव है। दरअसल कोविड के दौरान हजारों लोगों ने अपना काम बदल लिया था, जिसका असर जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री पर आना स्वाभाविक था। इस समस्या का समाधान करने के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर से बात की गई और उनको इस कंसेप्ट से अवगत कराया गया। कंसेप्ट पर सबकी सहमति मिली और यह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। इसके दूरगामी परिणाम बहुत अच्छे रहेंगे, ऐसा कहा जा सकता है। एक बात और यह कि आगे चलकर इस प्रोजेक्ट के तहत कटिंग व पालिशिंग मशीनरी में शोध एवं विकास के कार्य पर भी निवेश किया जाएगा, जिससे की हमारी इंडस्ट्री समय के अनुसार अपडेट रह सके।



**अनिल तांबी**
समिति सदस्य,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

जयपुर जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के सामने स्किल्ड मैन पावर की कमी और गहराती तथा उत्पादकों के सामने संकट पैदा करती, उससे ठीक पहले यह जो शुरुआत हुई है बेजोड़ है। स्पार्कल्स सरीखे कार्यक्रम की नितांत आवश्यकता थी और यह सही समय पर प्रारंभ कर दिया गया। इसका लाभ अच्छे आर्टिजंस के रूप में जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को मिलेगा, हम इसके लिए आश्वस्त हैं। अभी यह शुरुआत है, भविष्य में स्टोंस एक्सपर्टाइज थीम पर भी काम होगा, जैसे रूबी, एमरल्ड्स आदि। इनकी भी कटिंग व पालीशिंग के विशेषज्ञ तैयार हों यह सुनिश्चित किया जाएगा।




**पंकज सौंखिया**
समिति सदस्य,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

स्पार्कल्स एक बेमिसाल कोशिश है जिसका लाभ जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को बड़े पैमाने पर मिल सकेगा यह कहा जा सकता है। इस पहल के तहत शिक्षित लोगों को रोजगार मिलेगा यह सुनिश्चित है, साथ ही जैम स्टोंस इंडस्ट्री को सक्षम मैन पावर मिल सकेगी। यह पायलट प्रोजेक्ट एक शुरुआत मात्र है, इसकी पहुंच और व्यापक होगी तथा इससे इंडस्ट्री को दो तरफ़ा लाभ होगा, एक तरफ कारोबारियों को स्किल्ड मैन पावर मिलेगी तो दूसरी तरफ प्रशिक्षित लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।












## जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन का ऐतिहासिक आयोजन

# दिग्गजों के अभूतपूर्व सत्कार से रोशन हुई दिवाली मिलन की शाम

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर का दिवाली मिलन समारोह इस बार खास रहा, इसलिए कि असोसिएशन ने उन विभूतियों को सम्मानित किया जिनका जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में उल्लेखनीय योगदान रहा है**

16 नवंबर, 2024 की शाम ज्वैलर्स असोसिएशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण तथा सौभाग्य वाली रही, जब 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले 40 दिग्गज ज्वैलर्स के सम्मान का अवसर मिला। यूं तो शाम दिवाली मिलन के लिए संजोई गई थी, लेकिन वरिष्ठ ज्वैलर्स के सम्मान ने इस आयोजन को और भव्य बना दिया। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की स्थापना वर्ष 1927 में हुई थी और आज यह संगठन 97 वें वर्ष में चल रहा है। 97 वर्ष के अब तक के अंतराल में यह पहला मौका रहा जब यह आयोजन उन दिग्गजों को समर्पित रहा जिनका जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह आयोजन इंटरटेनमेंट पैराडाइज के ईस्टर्न लान में किया गया, जहां यह शाम उस अनुभव और समर्पण के नाम रही जिसने जयपुर को सही मायने में जौहरी बाजार बनाया तथा जिनके प्रयासों से जयपुर न केवल कलर्ड जैम स्टोंस की ग्लोबल कैपिटल बना, बल्कि जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का बड़ा केंद्र भी बना। एक टीम वर्क के साथ सभी के प्रयास रहे और इन प्रयासों के प्रति आभार एवं उनके सत्कार का यह आयोजन रहा। इस मौके पर उपस्थित सभी ज्वैलर्स अभिभूत थे, वे जिन्हें मान मिला और वे भी जो इन पलों के साक्षी बने। सही मायने में यह आयोजन खुद को धन्य महसूस कर रहा था।

मंचस्थ कार्यक्रम समाप्ति उपरांत सभी आगंतुकों, अतिथियों को डिनर में जयपुर का प्रख्यात दाल-बाटी-चूरमा परोसा गया, जिसका सभी ने आनंद लिया। आयोजन में सूर्यास्त पूर्व डिनर, वैलेट पार्किंग तथा व्हील चेयर उपलब्धता समेत अन्य व्यवस्थाएं थी।










## जयपुर की ज्वैलरी इंडस्ट्री के सम्मानित दिग्गज

1. श्री अर्जुन मेघराज
2. श्री बाबूलाल बैराठी
3. श्री बाड़दार अशोक कुमार जैन
4. श्री बालकृष्ण मनुधाना
5. श्री चिंतामणि जैन
6. श्री गौतम चंद मुणोत
7. श्री गोविंद शरण गुप्ता
8. श्री ज्ञानचंद भंडारी
9. श्री ज्ञानचंद सिंघवी
10. श्री हाजी मोहम्मद हुसैन
11. श्री हरिचंद वैद
12. श्री हरिवल्लभ धामाणी
13. श्री हीराचंद जरगड़
14. श्री जगदीश प्रसाद खण्ड़ेलवाल
15. श्री जगदीश प्रसाद तांबी
16. श्री जतनमल ढड्ढा
17. श्री जवाहरलाल सिंधर
18. श्री कमल चंद सुराणा
19. श्री कैलाश चंद हीरावत
20. श्री कैलाश चंद जैन
21. श्री कैलाश चंद खण्ड़ेलवाल
22. श्रीमती कुंती देवी गोधा
23. श्री कुशल चंद सुराणा
24. श्री लक्ष्मण रावत
25. श्री मानक चंद बेनाड़ा
26. श्री मोहम्मद यूनुस
27. श्री मोतीचंद डागा
28. श्रीमती पुष्पा चौरड़िया
29. श्री नंदकिशोर माहेश्वरी
30. श्री नरेंद्र कुमार लुणावत
31. श्री नवरतनलाल अग्रवाल
32. श्री नवरतन कोठारी
33. श्री नवल किशोर टाटीवाला
34. श्री नवल किशोर तोषनीवाल
35. श्री निर्मल कुमार दुगड़
36. श्री पारस चंद कोठारी
37. श्री प्रद्युम्न कुमार पाटनी
38. श्री प्रकाश चंद कोठारी
39. श्री प्रमोद कोटावाला
40. श्री प्रेमनारायण गुप्ता
41. श्री राधामोहन अग्रवाल
42. श्री राधामोहन गुप्ता
43. श्री राजेंद्र कुमार जैन
44. श्री राजमल चौरड़िया
45. श्री रामकिशन जाजू
46. श्री रामदास सौंखिया
47. श्री रामकिशन खण्ड़ेलवाल
48. श्री रमेश चंद टाटीवाला
49. श्री संतोष चंद गोदिका
50. श्री सत्यनारायण तांबी
51. श्री श्रीवल्लभ मयाच
52. श्री श्यामदास सौंखिया
53. श्री सिरहमल चोपड़ा
54. श्री सीताराम शाह
55. श्रीमती चंद्रकांता जैन
56. श्रीमती तिलक सुंदरी भंसाली
57. श्रीमती उमा मित्तल
58. श्री सौभाग्य मल जैन
59. श्री सुभाष कला
60. श्री सुरेश चंद नाहटा
61. श्री ठाकुर लाल एस. पटेल
62. श्रीमती उषा सौंखिया
63. श्री विजय चंद लोढ़ा
64. श्री विमल चंद सुराणा
65. श्री विनय चंद नवलखा
66. श्री विनय कुमार खिंदुका
67. श्री विट्ठलदास बाजरगान









जवाहरात उद्योग रत्न
श्रीमान प्रद्युम्न कुमार पाटनी







## स्पार्कल्स

### कारीगरों के कौशल प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर

इस भव्य आयोजन के दौरान एक एमओयू पर चार प्रमुख संगठनों **ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA), जयपुर ज्वैलरी शो (JJS), सीतापुरा जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री असोसिएशन (SGJIA) तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी (IIGJ)**, के बीच 'स्पार्कल्स' परियोजना के लिए हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना के जरिए जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए कुशल आर्टिजंस तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। 25 लोगों का पहला बैच प्रारंभ कर दिया गया है और आगे जाकर यह संख्या लगातार बढ़ेगी। प्रशिक्षण दो माह का होगा, आगे के प्रशिक्षण को स्टोन फोकस्ड तथा तकनीकी रूप से भी बेहतर बनाया जायेगा।





**आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"मेरे लिए निजी तौर पर सौभाग्य की बात रही कि मैं ज्वैलर्स असोसिएशन के इतिहास के एक अनमोल आयोजन का साक्षी बना। जिन दिग्गज ज्वैलर्स के प्रयासों और मेहनत से जयपुर की ज्वैलरी इंडस्ट्री आज विश्व क्षितिज पर विराजमान है, उनका सम्मान ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर का सम्मान है। 1927 में स्थापित ज्वैलर्स असोसिएशन के लिए भी सम्मान की बात है कि जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को अपनी मेहनत से सींच कर वट वृक्ष बनाने वाले दिग्गज अब भी इस असोसिएशन से जुड़े हुए हैं।

मैं अपने आदरणीय बुजुर्गों, साथी ज्वैलर्स और अपनी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के प्रति दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह दिवाली मिलन समारोह इस व्यापार के इतिहास में एक मील का पत्थर बन सका। अपनों के बीच अपनों का मान सच में बहुत अनमोल प्रसंग है।

इस मौके पर बड़ी तादाद में युवा ज्वैलर्स साथी मौजूद रहे, सम्मान समारोह उनके लिए प्रेरणा स्रोत बना, क्योंकि वरिष्ठ व दिग्गज ज्वैलर्स का अनुभव उनके लिए महत्वपूर्ण है। जैम एंड ज्वैलरी कारोबार जयपुर की नायाब परंपरा है और इस परंपरा का मान अगली पीढ़ी कायम रखेगी, इसे लेकर सब आश्वस्त भी हैं।



**नीरज लुणावत**
मानद सचिव,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"यह एक अविस्मरणीय दिन रहा जो गौरव से भरपूर था। दिल से आभार सभी बुजुर्ग ज्वैलर्स का तथा ज्वैलर्स असोसिएशन साथियों का, जिनका आशीर्वाद हमें मिला। जो भी इस इवेंट में आए, उनकी मौजूदगी से यह आयोजन निखर गया। सभी का सहयोग और सक्रियता इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण रही। 1927 में हमारी वरिष्ठ पीढ़ी जिन्होंने इस संगठन को स्थापित किया, हम उनके प्रति कृतज्ञ हैं क्योंकि यह हम सबके लिए एक अनमोल विरासत है।

97 साल के सफर में सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने इस संगठन को अपनी मेहनत से मजबूत तथा विस्तृत किया, जिसकी वजह से इस असोसिएशन ने आज अपनी विश्वसनीयता बनाई है। अब इसमें दो बातें और समाहित हुई हैं, एक ज्वैलर्स असोसिएशन की युवा विंग तथा दूसरे स्पार्कल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम। इन दोनों से ही ज्वैलरी इंडस्ट्री में बड़ा निखार आएगा और भविष्य की दिशा भी सकारात्मक होगी।

जस (JAS) और जैग्स (JAGS) जैसे B2B शो अब बड़े प्लेटफार्म बन गए हैं और इस ट्रेड को इन दोनों शोज से बड़ा लाभ मिल रहा है। असोसिएशन द्वारा कुछ और पहल जैसे जेईए (JEA), जैम बोर्स, सदस्यों की केवाईसी (KYC) तथा जनोपयोगी भवन का नवीनीकरण इन सभी से जयपुर का जैम एंड ज्वैलरी ट्रेड नया मुकाम हासिल कर सकेगा, यह कहा जा सकता है।

---



**अजय गोधा**
संयोजक: दीवाली मिलन समिति;
संयुक्त सचिव,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"एक दशक पहले तक जयपुर के ज्वैलर्स आपस में अनेक आयोजनों में मिलते थे। इस तरह के सामाजिक आयोजन जयपुर की संस्कृति और परंपरा भी रही है। पर कदाचित कारणों से आगंतुक साथियों की संख्या कम रहती थी। ऐसे में दिवाली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने की बात सामने आई, इसमें सभी की सहमति बनी।

आयोजन किस तरह का हो, इस पर विचार-विमर्श हुआ। संगठन के वरिष्ठ साथियों से चर्चा हुई, उनका मार्गदर्शन मिला। हमने आयोजन के लिए एक समिति बनाई, समिति ने विगत 98 साल में बने सदस्यों में से मौजूद उन वरिष्ठ ज्वैलर्स को सूचीबद्ध किया जिनकी आयु 80 वर्ष या अधिक है। उन्हें सादर आमंत्रित किया गया, उनके पधारने तथा उनका सम्मान करने से हम सब गौरवान्वित हुए। यह एक ऐसा नायाब आयोजन हुआ जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी।

इस वक्त तो यही कहेंगे कि यह आयोजन हर साल हो, ताकि ज्वैलर्स की युवा और अनुभवी पीढ़ी एक साथ एकत्र हो, मिले और अनुभवी पीढ़ी के सानिध्य तथा आशीर्वाद का लाभ लें।





**प्रकाश बैद**

कार्यकारिणी सदस्य,
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"ज्वैलर्स असोसिएशन का कार्यकारिणी सदस्य होने के नाते मेरे लिए निजी तौर पर गौरव की बात रही कि ऐसे अनमोल आयोजन में सक्रिय भागीदारी का मौका मिला। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले ज्वैलर्स को आमंत्रित करने के लिए निवेदन करना ऐसा अनुभव था जिस पर बोलने के लिए शब्द नहीं हैं। दो से तीन पीढ़ियों का समागम कम नहीं होता, बहुत से ऐसे परिवार है जिनकी तीन तीन पीढ़ी के ज्वैलर्स आए थे। हम सब का आपस में मिलना फैलोशिप तक सीमित नहीं रहा बल्कि बहुत कुछ सीखने जानने को भी मिला। यह एक ऐसा आयोजन रहा, जिसे शब्दों में नहीं बांध सकते।









**अब्दुल रशीद**

सदस्य, प्रबंध समिति

"यह ऐसी सेरेमनी रही, जिसमें उपस्थित रहना हमारे लिए गौरव की बात थी। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 40 वरिष्ठ ज्वैलर्स जब एक एक कर आ रहे थे तो आयोजन स्थल के द्वार पर उनके स्वागत का सौभाग्य मिला। चरण छूकर उनका स्वागत किया और जो आशीर्वाद पाया तो हम धन्य हो गए। जिन लोगों का ज्वैलरी इंडस्ट्री में 50-60 साल या अधिक का अनुभव है, उनकी सरपरस्ती हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम का आयोजन ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने बहुत शानदार तरीके से किया। सभी कुछ सुव्यवस्थित। आगंतुक प्रतिभागियों का द्वार पर राजस्थान की परंपरा के अनुसार स्वागत, फिर स्थान ग्रहण कराने ले जाना, मंच का आयोजन तथा भोजन व्यवस्था भी उच्चस्तरीय रही। जितने भी लोग इस कार्यक्रम में पधारे सभी को आयोजन संपूर्ण रूप से बहुत अच्छा लगा। वरिष्ठ ज्वैलर्स से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला और युवा पीढ़ी से भी परिचय हुआ।

---

**गिरधारी अग्रवाल**

सदस्य, प्रबंध समिति

"दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम एक बेमिसाल आयोजन था और हम सभी का यही कहना है कि यह आयोजन लगातार हो अर्थात प्रति वर्ष आयोजित किया जाए। हम इस तरह के आयोजन में जब जाते हैं तो हमारी ज्वैलर्स कम्युनिटी के अनेक साथियों से मिलते हैं, पर यह मिलना केवल मुलाकात तक सीमित नहीं है बल्कि आपस मे बातचीत से बहुत कुछ सीखने जानने को भी मिलता है वह अधिक महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ पीढ़ी के ज्वैलर्स जब मंच पर आसीन थे तो बहुत अच्छा लग रहा था। उनका सम्मान समारोह एक अनमोल पल था। उनके अनुभव हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

























### सुधीर ठोलिया

सदस्य, प्रबंध समिति (जस)

" जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन द्वारा आयोजित दिवाली मिलन कार्यक्रम सच में बहुत शानदार था। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ ज्वैलर्स का जो सम्मान किया गया, वह बहुत ही भावुक और यादगार पल थे। इस आयोजन को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। कार्यक्रम में सभी सदस्यों से जो आत्मीयता और स्नेहपूर्ण मुलाकातें हुईं, वह बहुत खास थीं। यह एक अच्छा मौका था, जहां हम नए लोगों से मिले और नेटवर्किंग की। समारोह के बाद दाल-बाटी चूरमा का स्वाद भी शानदार था, और साथ में हल्का संगीत भी वातावरण को और भी सुखद बना रहा था। इस आयोजन ने ना सिर्फ सभी के दिलों में छाप छोड़ी, बल्कि एक गहरी प्रेरणा भी दे गया।

### नासिर खान

सदस्य, प्रबंध समिति

" इस दिवाली मिलन समारोह में वरिष्ठ ज्वैलर्स के अनुभव तथा युवा पीढ़ी के इनोवेटिव सोच का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। ज्वैलरी ट्रेड में हम जितने लोग हैं, सामान्यतः उन्हीं से मिलते हैं जिनसे हमें बिजनेस संबंधी या निजी काम हो, पर यहां आकर जो महसूस हुआ वह बेमिसाल था। जिन दिग्गजों ने जयपुर मे ज्वैलरी व्यवसाय का बीज बोया, सींचा और पौधे को विराट रूप दिया, उनकी मेहनत के आगे हम नतमस्तक हैं। कार्यक्रम का आयोजन बहुत व्यवस्थित रहा, इसके लिए टीम ज्वैलर्स असोसिएशन को दिल से मुबारकबाद।

### श्री बाबू लाल बैराठी

इस कार्यक्रम से मैं बहुत प्रभावित हूं, 80 साल से अधिक उम्र के मेरे साथियों का सम्मान हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। ज्वैलर्स असोसिएशन एक विराट मंच है, जहां से हमें सम्मानित किया जाना हम सबके लिए भी एक अहम अनुभूति रही। जयपुर के इतिहास में अब तक का यह सबसे अनूठा आयोजन था। मंच से जो भी बोले बहुत अच्छा बोले। जैसे कोठारी जी ने कहा कि किस तरह से जयपुर में ज्वैलरी ट्रेड की शुरुआत हुई तथा किस तरह से यहां ज्वैलरी इंडस्ट्री आगे बढ़ी। सही में सभी के लिए प्रेरणा दायक शब्द रहे। आयोजन के लिए दिल से सभी का आभार।













### श्री जतन मल ढड्ढा

मुझे इस बात की खुशी है कि ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने इस आयोजन की रुपरेखा बनाई, आयोजित किया और हम वरिष्ठ ज्वैलर्स को सम्मान के लिए आमंत्रित किया। ज्वैलरी व्यवसाय में मेरा 60 साल का अनुभव रहा है और मैंने अपने जीवन में इस तरह का कार्यक्रम नहीं देखा। एक बेहद शानदार कार्यक्रम रहा, जिसके लिए टीम ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर को भरपूर बधाई तथा साधुवाद।

## ब्रोकरेज की विरासत और गौरवशाली क्षण

### मनीष सिंधड़
### पुत्र श्री जवाहरलाल सिंधड़

मेरे पिता श्री जवाहरलाल सिंधड़ को ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाना हमारे परिवार के लिए एक बहुत ही गर्व का क्षण था। जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के ये प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय हैं। हमारे परिवार का जैम स्टोंस व्यवसाय से जुड़ाव एक शताब्दी पुराना है, तब मेरे दादाजी स्वर्गीय श्री फरजन लाल सिंधड़ ने 1925 में कलर्ड जैम स्टोंस की दलाली का काम शुरू किया था। बाद में मेरे पिताजी इस काम से जुड़े और फिर मेरा जुड़ाव इस कारोबार से हुआ। मेरा बेटा हर्ष अब इस व्यवसाय में सक्रिय है और पूरा काम संभाल रहा है। इस तरह हमारे परिवार में चौथी पीढ़ी इस कारोबार में गतिशील है। जयपुर के जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में ब्रोकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि एक ब्रोकर दोनों पक्षों के दायित्व के लिए जवाबदेह होता है। यह काम जैम स्टोंस की पूरी जानकारी बिना संभव भी नहीं। हम ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं जो जयपुर के जौहरी समुदाय का भरोसा हमें मिला।







### निर्मल बरड़िया

कार्यकारिणी सदस्य एवं
पूर्व अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर;
रीजनल चेयरमैन, जीजेईपीसी

इस इवेंट का भागीदार बन कर मैं सच में गौरवान्वित हूं, इसलिए कि जिन दिग्गजों से हमने यह व्यापार सीखा है, उनके सम्मान का अवसर हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन दिग्गज वरिष्ठ ज्वैलर्स का योगदान अतुलनीय रहा है जिनकी व्याख्या करने के लिए शब्द नहीं हैं।

इस मौके पर चार प्रमुख संगठनों द्वारा 'स्पार्कल्स' योजना के तहत जो एमओयू साइन किए गए हैं, वह ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से इंडस्ट्री को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। एक बात मैं जरूर कहना चाहूंगा कि हमारे यहां जो प्रशिक्षित मैनपावर हैं, उन्हें हम उनकी उम्मीद के अनुसार बेहतर पारिश्रमिक दें, ताकि वे इस इंडस्ट्री से जुड़े रहें और इसे न छोड़ें।

### अरूण गोखरू

पूर्व उपाध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

मैं सबसे पहले तो ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के सभी पदाधिकारियों व पूरी टीम को बधाई दूंगा, जिसने इतना बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित किया। वरिष्ठ ज्वैलर्स का जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को स्थापित करने व संचालित कर आगे बढ़ाने में जो योगदान रहा है, उस योगदान का मान करना एक गौरवशाली परंपरा है। इस आयोजन की खास बात यह थी कि ज्वैलर्स कम्युनिटी के लगभग सभी सदस्य उपस्थित थे, और एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपस में मिलने का जो अवसर मिला, वह एक बेहद अच्छा अनुभव था। इस तरह के आयोजन से न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि नए कारोबारी रिश्ते भी बनते हैं। इस तरह के आयोजन नियमित हों अब यह जरूरत महसूस की जाने लगी है।

### विवेक काला

पूर्व अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

इस पूरे आयोजन को मैंने तन्मयता से देखा और गहराई से महसूस किया। यह जवाहरात कारोबारियों का नहीं बल्कि एक परिवार का कार्यक्रम महसूस हो रहा था। वरिष्ठ ज्वैलर्स का सम्मान तो शानदार रहा ही, साथ ही युवाओं ने भी परंपरा के शानदार निर्वहन की एक मिसाल कायम की है। इस मौके पर मेरा एक सुझाव है कि 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले जो ज्वैलर्स आज भी बाजार में सक्रिय हैं, गद्दियों दुकानों, शो रूम्स पर आते हैं, उन्हें लगातार सम्मानित किया जाए अर्थात एक बार सम्मान कर ठहरा नहीं जाए। इससे सभी को मोटीवेशन मिल सकेगा।



## विष्णु मेठी

कार्यकारिणी सदस्य, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"हमारे लिए सौभाग्य की बात रही कि हमें वरिष्ठ ज्वैलर्स को इस आयोजन के लिए निजी तौर पर आमंत्रित करने का मौका मिला। जब हम उन्हें आमंत्रण देने उनके पास पहुंचे और ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की भावनाओं के बारे में बताया, तो वे अत्यधिक अभिभूत और भावुक हो गए। जब वे इस आयोजन में आए और अपने समकालीन साथियों से मिले तो भावुकता के ये पल और गहरा गए। सभी ने एक-दूसरे का दिल से स्वागत किया और सम्मान दिया। ऐसे आयोजन स्वस्थ माहौल बनाते हैं और आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं। हम चाहते हैं कि ये आयोजन हर साल हों, और इसमें सभी सहयोग के लिए तत्पर हैं।

## हरिशंकर खण्डेलवाल

सदस्य, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"आज के वक्त में जबकि ओल्ड एज होम लगातार खुल और बढ़ रहे हैं, ऐसे में ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले ज्वैलर्स को सादर आमंत्रित कर उनका सम्मान करना सच में पुण्य का काम है। यह पहल जाहिर करती है कि हम अपनी वरिष्ठ पीढ़ी का न केवल ध्यान मान रखते हैं बल्कि हमारे लिए यह एक परंपरा है। इस पहल से हमारी नई पीढ़ी को भी परंपराओं के निर्वहन की प्रेरणा मिल रही है। ऐसे आयोजन केवल मिलन समारोह या भोज तक सीमित नहीं है बल्कि एक पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को और प्रगाढ़ बनाने का काम करते हैं।इससे हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित और समृद्ध रहती है।













## सुधीर कासलीवाल

सदस्य, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"मैं निजी तौर पर आयोजकों को इस बेजोड़ कार्यक्रम के लिए सबसे पहले तो बधाई दूंगा। जिसने भी इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई, जिनके विजन से यह आयोजन संभव हो पाया उन्हें साधुवाद। एक नई पीढ़ी ने पुरानी पीढ़ी को जिस तरह मान दिया वह अवर्णनीय है। इस आयोजन के जरिए जयपुर के युवा ज्वैलर्स को जयपुर में जैम एंड ज्वैलरी की महान परंपरा के बारे में जानने का मौका मिला। मैं इस कार्यक्रम में गया तो ऐसे अनेक साथियों से मिला, जिनसे मिले बहुत बरस हो गए थे। पुराने साथियों से मिलना बहुत नायाब रहा।

## पवन पटनी

सदस्य, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

"यह जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन की एक अनुपम पहल थी। सबसे बड़ी बात यह रही कि आयोजन पूरी तरह सुनियोजित था। इतनी बड़ी संख्या में सदस्यों की मौजूदगी और मंच की भव्यता के साथ भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था, सब कुछ पूरी तरह सुव्यवस्थित रहा। इससे यह आयोजन सबके हृदय पर अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहा।

वरिष्ठ ज्वैलर्स का सम्मान हम सभी के लिए एक गौरवशाली पल बना, जिसे परंपरा के रूप में आगे भी निभाया जाना अपेक्षित है।दीवाली मिलन का यह आयोजन लंबे समय बाद हुआ, और अधिकांश साथियों की इच्छा है कि यह आगे भी निरंतर जारी रहे, साथ ही साल में दो ऐसे आयोजन करने की अपेक्षा भी व्यक्त की गई है।

# ज्वैलर्स असोसिएशन ने किया थाईलैंड डेलीगेशन का भाव-भीना स्वागत





जैम एंड ज्वैलरी इंस्टीट्यूट ऑफ थाईलैंड (GIT) के 15 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल 03 अक्टूबर को जयपुर आया था। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने असोसिएशन कार्यालय में इनका भाव-भीना स्वागत किया।

इस मौके पर ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष आलोक सौंखिया, मानद सचिव नीरज लुणावत, उपाध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला, पूर्व अध्यक्ष डी पी खंडेलवाल, निर्मल बरड़िया व विजय केडिया तथा कार्यकारिणी सदस्य महावीर कुमार डागा और गोविंद कुमार गुप्ता मौजूद थे। असोसिएशन अध्यक्ष और सचिव ने जयपुर मे ज्वैलर्स असोसिएशन के संगठन तथा गतिविधियों के बारे में जानकारी दी, साथ ही जयपुर और देश में जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की स्थिति के बारे में बताया। नया ट्रेंड क्या चल रहा है इस पर भी चर्चा हुई।

जैमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ थाईलैंड के चेयरमैन नूनतवान ने जीआईटी के बारे में जानकारी दी तथा दक्षिणी पूर्वी एशियाई देशों में जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री की स्थिति तथा नवीनतम ट्रेंड के बारे में बताया। जीआईटी की टीम ने 04 अक्टूबर को आईआईजीजे सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया का विजिट किया, जहां ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर, जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल, सीतापुरा जैम्स एंड ज्वैलरी असोसिएशन तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से चर्चा की। बिजनेस डेलीगेशन, तकनीकी एक्सचेंज तथा छात्रों की एक दूसरे के यहां विजिट पर भी बातचीत हुई। बातचीत के दौरान ज्वैलरी सैटिंग तकनीकी जानकारी पर भी बहुत डिस्कस हुआ। नवीनतम तकनीक का आदान-प्रदान भी बातचीत का मुख्य विषय रहा। यह एक तरह से नॉलेज शेयरिंग सैशन बन गया।

दोनों पक्षों ने आपसी कारोबारी विस्तार पर जहां सहमति जताई वहीं व्यापारिक चर्चाओं को आगे और व्यापक बनाने तथा तदानुसार पहल करने पर भी फोकस किया।






# दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का आयोजन





दिवाली के पावन पर्व पर ज्वैलर्स असोसिएशन कार्यालय में विधिवत लक्ष्मी पूजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक सौंखिया, उपाध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला, मानद सचिव नीरज लुणावत, पूर्व अध्यक्ष रामदास सौंखिया, डी पी खण्डेलवाल व कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सांड और पंकज सौंखिया सहित असोसिएशन स्टाफ भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर मां लक्ष्मी से सभी के लिए सुख, समृध्दि और वैभव की कामना की गई। दिवाली पूजन ज्वैलर्स असोसिएशन की सतत चली आ रही परंपरा है और पूरे श्रद्धा और विश्वास से यह आयोजन किया जाता है।

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

GEM WORLD
Official Magazine Of **The Jewellers Association, Jaipur**

Know • Connect • Grow




The **50 year old magazine** has always enjoyed a huge reader base in India as well as across the globe. We invite you to use this platform to advertise in the magazine and expand your **access to a global audience in different parts of the world**. Come forth and showcase your business in one of the most read jewellery magazines of the trade. This e-magazine will be circulated amongst a wide reader-base, hence your brand-reach is unlimited.

READ: https://jajaipur.com/gem-world/

For advertisement tariff or more enquiry, contact:

**+91 99502 11331 | +91 72299 54040**

E: gemworld@jajaipur.com

# म्युनिख शो
## रत्न और खनिज का अनोखा शो



**जयपुर के एक जौहरी महेश खण्डेलवाल ने हाल ही में रत्नों और खनिजों के म्युनिख शो मिनरेलियेनटागे म्युनचेन में एक्जीबिटर के तौर पर भाग लिया। जैम वर्ल्ड के साथ उन्होंने अपने अनुभव साँझा किए, प्रस्तुत है उस पर आधारित एक रिपोर्ट.**

बाएं से दाएं: अमय, महेश, शिरीष खंडेलवाल

जो कारोबारी जैम स्टोंस, रफ स्टोंस, मिनरल्स तथा फोसिल्स, क्षेत्र में कारोबार करते हैं उनके लिए मिनरेलियेनटागे म्युनचेन अर्थात म्युनिख शो एक नायाब आयोजन है। इसकी तीन खासियत है, पहला इसमें डिस्प्ले प्रोडक्ट मल्टी वैरायटी के होते हैं तथा बहुत कुछ यूनिक देखने को मिल जाता है। दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज कारोबारी यहां आते हैं, उनसे मिल कर नए ट्रेंड्स का पता चलता है तीसरा नए कारोबारी संबंध भी बनते हैं। इस तरह नेटवर्किंग और बिजनेस डेवलपमेंट के लिए यह शो बहुत महत्वपूर्ण है।

इस बार शो में एक हजार से अधिक एग्जीबिटर्स और 25 हजार से अधिक कारोबारी विजिटर्स ने हिस्सा लिया। 24 से 27 अक्टूबर तक इस शो का आयोजन किया गया। शो में दो बातें महत्वपूर्ण थी पहली तो यह कि पॉलिश्ड जैम स्टोंस, रफ स्टोंस तथा मिनरल्स इन तीनों का डिस्प्ले एक छत के नीचे और वह भी बहुत सारी वैरायटी में दिखा, दूसरे विश्व भर के सप्लायर्स, बायर्स, कलेक्टर्स तथा क्यूरेटर्स भी यहां मौजूद थे।







महेश खण्डेलवाल दो दशक से इस शो को विजिट कर रहे हैं और दस सालों से वे एक एग्जीबिटर्स के रूप में यहाँ जा रहे हैं, उन्होंने वहां पर हैंडक्राफ्टेड रूबीलाइट, बायो तुर्मली, नेचुरल बर्मा स्पिनल तथा एलीगेंट वाईट ज्वैलरी का डिस्प्ले किया था। **उनके अनुसार जयपुर के कारोबारियों के लिए म्युनिख शो में व्यापार के बहुत अवसर हैं क्योंकि जयपुर रफ स्टोंस, कलर्ड जैम स्टोंस तथा ज्वैलरी का गढ़ है, जिनके लिए अंतर्राष्ट्रीय बायर्स शो में आते हैं, अतः जयपुर के कारोबारी इस संभावना का दोहन करें तो अच्छा रहेगा। यहाँ यूरोपीय देशों के कारोबारियों से सीधे मिलने का मौका मिलता है जिससे कारोबारी रिश्ते अच्छे बन सकते हैं जो लंबे समय तक लाभकारी रहते हैं।** हमे यहाँ इंटरनेशनल रिटेलर्स तथा ज्वैलरी डिजाइनर्स से मिलने, और उनके आइडियाज़ को समझने का मौका मिलता हैं। इससे निर्यात बढ़ाने तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश का लाभ मिल सकेगा। इस बार के शो में आंशिक कमजोरी यह रही कि ग्राहकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी। एक नई बात यह भी देखने को मिली कि कारोबारियों की दिलचस्पी अधिक से अधिक माल बेचने की बजाय क्वालिटी ऑफ़ कस्टमर्स पर अधिक रही। वैश्विक मंदी का असर बाजार पर दिखाई दिखाई दे रहा हैं, इससे निपटने के तरीके व्यापारी अपना रहे हैं, जैसे वर्तमान ग्राहकों से दीर्घ गामी संबंध बनाएं रखना, उधार दिए जाने में उदारता लाना, विभिन्न बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता पर ध्यान केंद्रित करना साथ ही बेहतरीन ग्राहक सेवा पर भी जोर दे रहे है। अगला म्युनिख शो 23 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच होगा। ज्वैलर्स कम्युनिटी में जो साथी ग्लोबल लेवल पर विस्तार करना चाहते हैं उनके लिए यह अच्छा मौका है, इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए।

# ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स 2024 के विजेता

इस दूसरे संस्करण में, हम ज्वैलरी एमिनेंस अवॉर्ड्स के विजेताओं की चुनिंदा ज्वैलरी कृतियों को प्रस्तुत करना जारी रख रहे हैं। अगले संस्करण के लिए बने रहें, क्योंकि उसमें इस श्रृंखला के और भी अवॉर्ड-विजेता डिज़ाइनों को प्रदर्शित किया जाएगा।



**CATEGORY: POLKI (BANGLE/BRACELET)**
WINNER: SUNIL GEMS & JEWELLERY PVT. LTD., JAIPUR



**CATEGORY: POLKI (NECKLACE)**
WINNER: SWASTIK JEWELS, JAIPUR



**CATEGORY: POLKI (EARRINGS)**
WINNER: JEWELS OF RAJPUTANA, JAIPUR



**CATEGORY: GEMFIELDS COLOURSTONE EARRINGS**
WINNER: TARA FINE JEWELS, MUMBAI



**CATEGORY: GEMFIELDS COLOURSTONE EARRINGS**
WINNER: C KRISHNIAH CHETTY GROUP OF JEWELLERS, BENGALURU



**CATEGORY: POLKI (BANGLE/BRACELET)**
WINNER: MAA SATTI JEWELS, JAIPUR



HERITAGE MUGHAL
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



BRIDAL CHOKER
Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.

# ट्रेंडी अफेयर्स



18K GOLD ZAMBIAN EMERALD WITH DIAMOND RING
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers

जैमस्टोन किसी भी ज्वैलरी के लिए बड़ा आकर्षण होता है उच्चकोटि के जैमस्टोन्स और बेहतरीन ज्वैलरी डिजाइंस यहाँ दर्शाए गए हैं जो नवीनतम ट्रेंड में हैं।



RUBY & BAGUETTE DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Gem Plaza



TANZANITE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



POLKI NECKLACE SET
Photo Courtesy:
Achal Jewels



POLKI AND EMERALD NECKLACE SET

Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



RUBINO EARRINGS

Photo Courtesy:
Savio Jewellery



PADPRADSCHA SAPPHIRE

Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



DIAMOND TASSEL

Photo Courtesy:
Achal Jewels



RUBY & DIAMOND RING

Photo Courtesy:
Gem Plaza



EMERALD BEADS (ZAMBIAN)

Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



THE REALM OF RUSSIAN EMERALDS

Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation



18K GOLD BLUE ZIRCON WITH DIAMOND RING

Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



BLUE TOURMALINE

Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.

EMERALD DROPS NECKLACE

Photo Courtesy:
Ram Narayan & Company





DIAMOND EMERALD RING

Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



TANZANITE

Photo Courtesy:
Lunawat Gems

TANZANITE



RUBELLITE

PARAIBA

MORGANITE

Photo Courtesy:
RMC Gems



RUBELLITE

Photo Courtesy:
Lunawat Gems



MULTI TOURMALINE CABS

Photo Courtesy:
RGS Creation



RUBY BURMA (NATURAL)

Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



DIAMOND NECKLACE

Photo Courtesy:
Achal Jewels




TANZANITE & MORGANITE,
DIAMOND NECKLACE

Photo Courtesy:
Gem Plaza



EMERALDO BRACELET

Photo Courtesy:
Savio Jewellery



RUBY

Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



DIAMOND RING

Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



MORGANITE

Photo Courtesy:
Gem India Exports



TOURMALINE

Photo Courtesy:
Gem India Exports



DIAMOND EMERALD
EARRING

Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



VICTORIAN
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



VINTAGE TASSEL EARRINGS
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



MIXED BERYL
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



TANZANITE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



EMERALD DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



POLKI NECKLACE SET
Photo Courtesy:
Achal Jewels



THE REALM OF GEMSTONES
Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation



BLUE TOURMALINE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



EMERALD
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



SPESSARITE
Photo Courtesy:
RGS Creation



EMERALD & POLKI
STUDDED EARRINGS
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



AQUAMARINE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



ROSE CUT DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



GREEN TOURMALINE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



RUBELLITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



POLKI AND EMERALD NECKLACE
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



EMERALD PEAR SHAPED CUT STONE
Photo Courtesy:
Ramnarayan & Co.



DIAMOND NECKLACE
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



HEAVY PENDANT
Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.



RUBY & DIAMOND EARRINGS
Photo Courtesy:
Gem Plaza

## COMPANY & EMAIL ADDRESS

- ACHAL JEWELS
  office@achaljewels.com
- BAID TRADING COMPANY
  baidtradingcorporation@yahoo.com
- BIHARILAL HOLARAM
  anand@lakhi.net
- BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS
  pr@birdhichand.com
- GEM INDIA EXPORTS
  info.gemindiaexports@gmail.com
- GEM PLAZA JEWELLERY MFG. CO. PVT. LTD.
  mail@gemplaza.net
- GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD.
  giegoldcreations@gmail.com
- JAIPUR RATNA
  rea@jaipurratna.com
- LUNAWAT GEMS
  tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com
- ONSAZ JEWELLERS CREATIONS
  anandrao@onsazjewellery.com
- PRECITONE CO. LTD.
  anu@precitone.com
- RAMNARAYAN & CO.
  ramnarayanco501@gmail.com
- RATAN JEWELLERS & SONS
  ratanjewellersindia@gmail.com
- RGS CREATION
  rgscreations4@gmail.com
- RMC GEMS
  gyan.rmc@gmail.com
- ROYAL GEMS & JEWELS
  yashdusad1@gmail.com
- SAVIO JEWELLERY
  saviojewellery@gmail.com
  factorysavio@gmail.com
- SHREE JEE JEWELS
  harshita@shreejeejewellers.in
- VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD.
  order@valentinejewelleryindia.com

# जीजेईपीसी तथा एनजीजेसीआई की संयुक्त बैठक निर्यात संबंधित मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा




09 अक्टूबर 2024 को जयपुर के नोवोटेल होटल में जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (GJEPC) तथा नेशनल जैम एंड ज्वैलरी कौंसिल ऑफ़ इंडिया (NGJCI) की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ महाजन उपस्थित थे। ज्वैलर्स असोसिएशन की तरफ से मानद सचिव नीरज लुणावत, पूर्व अध्यक्ष निर्मल बरड़िया तथा कमेटी सदस्य अनिल तांबी उपस्थित रहे। बैठक में ज्वैलर्स के सामने घरेलू तथा विदेशी व्यापार को लेकर आ रही अनेक समस्याओं का समाधान किए जाने पर चर्चा हुई। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने इन मुद्दों पर फोकस किया :--

- जयपुर से हैंड कैरी शिपमेंट
- जयपुर से सीधे कार्गो शिपमेंट
- जैम्स एंड ज्वैलरी क्षेत्र से एमएसएमई भुगतान अधिनियम की धारा 43बी (H) हटाना
- आयात निर्यात तथा बैंकिंग संबंधित समस्याएं
- विशेष आर्थिक क्षेत्र में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयां

सिद्धार्थ महाजन ने इस बैठक में कहा कि ज्वैलर्स ने जो बातें बताई है, उन्हें नोट कर लिया गया है तथा जल्द ही आवश्यक कार्यवाही कर संबंधित स्टेक होल्डर्स को बता दिया जाएगा। सरकार यह चाहती है कि हमारा विदेश व्यापार बढ़े और विशेषकर निर्यात, इसके लिए सरकार हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर है।

# जीजेईपीसी का 51वां इंडिया जैम एंड ज्वैलरी अवार्ड समारोह

### - गौतम अडानी ने की शिरकत -
### - जयपुर के प्रमुख ज्वैलर्स ने जीते प्रतिष्ठित पुरस्कार -




जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल द्वारा 51वां इंडिया जैम एंड ज्वैलरी अवार्ड कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किया गया। इसमें जयपुर के दिग्गज ज्वैलर्स को इंडस्ट्री में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा अवार्ड दिए गए। कौंसिल की ओर से 24 आईजीजे अवार्ड दिए जाते हैं, जिनमें 14 इंडस्ट्री परफार्मेंस अवार्ड हैं, 7 स्पेशल रिकोग्नेशन अवार्ड, दो फैलिसिटेशन अवार्ड तथा एक अवार्ड जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को बैंकिंग सहयोग के लिए दिया जाता है। इवेंट की गोल्ड पार्टनर वर्ल्ड गोल्ड कौंसिल थी, एसोसिएट पार्टनर जैमफील्ड्स तथा आरएमसी रहे (पावर्ड बाई जीआईए) और वैभव ग्लोबल लिमिटेड को-पार्टनर थे। महत्वपूर्ण बात यह रही कि अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 51 वें अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि थे। जीजेपीईसी की ओर से चेयरमैन विपुल शाह, वाइस चेयरमैन किरीट भंसाली, रीजनल चेयरमैन राजस्थान निर्मल बरड़िया, अधिशासी निदेशक सब्यसाची रे, वर्ल्ड गोल्ड कौंसिल के रीजनल सीईओ (भारत) सचिन जैन तथा जैमफील्ड्स इंडिया के महानिदेशक गोपाल कुमार की शानदार उपस्थिति इस आयोजन में रही। ऐसा लग रहा था मानो देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के सुपर स्टार इस मंच पर चमक रहे हैं।इंडस्ट्री परफॉरमेंस अवार्ड्स कैटेगरी में कट एवं पालिश्ड जैम स्टोंस के लिए वैभव ग्लोबल लिमिटेड के सुनील अग्रवाल को, कट एंड पालिश्ड सिंथेटिक स्टोंस के लिए आरएमसी जैम्स इंडिया लिमिटेड के निर्मल बरड़िया को, कास्ट्यूम फैशन ज्वैलरी क्षेत्र में आम्रपाली ज्वैल्स के राजीव अरोड़ा व तरंग अरोड़ा को तथा


1. सुनील अग्रवाल


2. निर्मल बरड़िया

3. तरंग अरोड़ा

4. अभय चौरडिया और अक्षय चौरडिया







प्रमोद अग्रवाल, चेयरमैन, डेरेवाला इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।



प्रीसियस मेटल ज्वैलरी के क्षेत्र में अशोक ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड के अशोक चौरड़िया, अभय चौरड़िया और अक्षय को सम्मानित किया गया।

ज्वैलर्स असोसिएशन ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी तथा कहा कि इन सभी दिग्गजों ने जो उल्लेखनीय कार्य किए हैं, उसी की बदौलत जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री दुनिया के आसमान पर छाई हुई है। देश के निर्यात में इस इंडस्ट्री का उल्लेखनीय योगदान रहा है। साथ ही नियोजन के क्षेत्र में भी बड़ा काम किया है। सभी ने कमिटमेंट और प्रयासों के साथ इस इंडस्ट्री को बड़ी लीडरशिप दी है, जो अतुलनीय कही जा सकती है।

## तकनीकी और सस्टेनेबिलिटी पर निर्भर है ज्वैलरी इंडस्ट्री का भविष्य



**गौतम अडानी**
अडाणी ग्रुप के चेयरमैन

*हमारे भविष्य के दो आधार हैं, एक तकनीकी और दूसरे सस्टेनेबिलिटी। अब डिजिटल इकोनॉमी का दौर है, हमें हमारी ग्रोथ को नई सोच और जिम्मेदारी के साथ आगे ले जाना होगा।*

*हमारे युवा भविष्य के शिल्पी हैं, हमारी कुशल जनशक्ति और कारीगरी को डिजिटल टूल्स का साथ मिलने से हैरिटेज ज्वैलरी के व्यवसाय को नई ऊंचाई मिल रही है। यह जो क्षमता विकसित हुई है उसका संपूर्ण लाभ देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को मिले, यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी केवल ट्रेंड्स तक सीमित नहीं है, बल्कि जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए भविष्य का आधार है। एडवांस मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से लेकर स्मार्ट वियरेबल तकनीक तक जो क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं उसने जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए अनंत अवसरों तथा संभावनाओं का सृजन किया है।*

*उम्मीद है कि बदलाव के इस परिदृश्य को जयपुर के ज्वैलर्स न केवल आत्मसात करेंगे बल्कि नई तकनीक से ऐसा सृजन करेंगे जो उपभोक्ता बाजार के लिए क्रांतिकारी साबित हो और इस इंडस्ट्री को वैश्विक मंच पर एक नया मुकाम हासिल हो सके। भारत इस इंडस्ट्री का ग्लोबल लीडर बने, यही शुभकामनाएं हैं।*

# आभूषणों के नए अपव्यय मानदंड निर्धारित

## ज्वैलरी इंडस्ट्री की सरकार ने मानी मांग



देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री ने भारत सरकार से निवेदन किया था कि कि रत्न एवं आभूषणों के लिए भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने जो मानक इनपुट-आउटपुट अपव्यय मानदंड (SIONs) सुनिश्चित किए हैं, उन्हें व्यवहारिक बनाया जाए। साथ ही इस बारे में जारी दिशा-निर्देश की पालना के लिए जो तारीख तय की थी, उसे जनवरी 2025 कर दिया जाए। जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का मानना था कि उक्त आदेश को प्रभावी करने से पहले संबंधित स्टेक होल्डर्स अर्थात ज्वैलर्स समुदाय का पक्ष भी अवश्य सुना जाए।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय ने आभूषणों के लिए नए अपव्यय मानदंडों को 1 जनवरी 2025 से प्रभावी करने की घोषणा कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 27 मई 2024 को सार्वजनिक नोटिस संख्या 05/2024-25 के माध्यम से सभी आभूषण श्रेणियों में अपव्यय मानदंडों में भारी कमी की थी, जो कि जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए व्यवहारिक नहीं थी। इस बारे में कौंसिल के पदाधिकारियों ने उसी दिन महानिदेशालय अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें ज्वैलरी उत्पादन प्रवाह आधारित डाटा प्रस्तुत करने का अवसर मांगा गया। परिणामस्वरूप, पहले जारी किए गए नोटिस के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया गया। जीजेईपीसी ने एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया और 160 निर्यातकों और निर्माताओं से प्राप्त आंकड़ों को एकत्र और विश्लेषित किया, जो प्रक्रिया पुस्तिका 2023 में उल्लिखित मौजूदा प्रक्रिया हानि मानदंडों के अनुरूप था।

जीजेईपीसी के शोध और विदेश व्यापार महानिदेशालय अधिकारियों के साथ अनेक बैठकों के बाद, दोनों अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई क्योंकि पिछले अपव्यय मानदंडों में मामूली संशोधन किए गए हैं। अद्यतन दरें 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी। अंतरिम अवधि के दौरान, पिछले मानदंड 31 दिसंबर 2024 तक प्रभावी रहेंगे।

अधिसूचना  में संशोधनों का भी विवरण दिया गया है, जो तैयार आभूषणों की एक विशिष्ट मात्रा के लिए अनुमत कच्चे माल की मात्रा सुनिश्चित करते हैं। संशोधित मानदंडों का उद्देश्य आभूषण निर्माण प्रक्रियाओं की वास्तविकताओं के साथ कुशल धातु उपयोग को संतुलित करना है, विशेष रूप से पारंपरिक कारीगरों को लाभान्वित करना है।

### ज्वैलरी इंडस्ट्री की दो मांग थी

**1. अपव्यय मानदंड वह निर्धारित किया जाए, जो वास्तविक रूप से आभूषण निर्माण प्रक्रिया के दौरान होता हो अर्थात इस बारे में उत्पादक के डाटा को ऑथेंटिक माना जाए, क्योंकि अपव्यय से नुकसान उसी को होता है**

**2. नए नियमों को प्रभावी किए जाने की अवधि को  बढ़ाया जाए।**

# मिलन चौकसी जीजेएससीआई के सबसे युवा अध्यक्ष

## चौकसी के नेतृत्व में कौंसिल को नई ऊँचाइयाँ हासिल करने की उम्मीद



जैम एंड ज्वैलरी स्किल कौंसिल ऑफ़ इंडिया (GJSCI) के निदेशक मंडल की एक बैठक 15 अक्टूबर 2024 को हुई, जिसमें मिलन चौकसी को कौंसिल चेयरमैन पद के लिए चुना गया। इससे पूर्व आदिल कोतवाल इस पद पर कार्यरत थे। निदेशक मंडल ने सबसे पहले कोतवाल की सेवाओं को सराहा और उनके विजन को बहु-उपयोगी बताया। उनका कार्यकाल दो वर्ष का था। इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने विशेष योग्य जनों को रत्न आभूषण उत्पादन क्षेत्र से जोड़ने तथा गतिशील करने के लिए जोश नाम से एक योजना प्रस्तुत की थी। इस योजना को आशाजनक सफलता भी मिली। कौंसिल ने इस बेहतरीन कार्य के लिए उनका आभार जताया और कहा कि उनका यह कदम कौंसिल की व्यापकता का विस्तार करने वाला रहा तथा कौंसिल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी कामयाब रही।

मिलन चौकसी देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में एक सुपरिचित नाम है। 76 साल से उनका परिवार इस कारोबार में सक्रिय हैं। वे चौथी पीढ़ी के हैं जो यह काम संभाल रहे हैं। उनका ज्वैलरी ब्रांड 'मोक्ष' नाम से भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में प्रचलित है। वे डायमंड इंडिया लिमिटेड के बुलियन आपरेशन के डायरेक्टर भी हैं। यह भारत में सोने के लिए नामित अधिकारिक एजेंसी है। जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल की सीओए के वे सदस्य रहे हैं। वे जीजेईपीसी की मार्केटिंग, प्रमोशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट टीम के संयोजक भी हैं। वे जीजेईपीसी द्वारा संचालित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी के चेयरमैन हैं तथा तीन दशक पुराने एक एनजीओ 'ईच वन टीच वन' की प्रबंध समिति के सदस्य भी है।

जैम एंड ज्वैलरी स्किल कौंसिल ऑफ़ इंडिया को मिलन चौकसी से बहुत उम्मीदें हैं, इसलिए कि वे एक तो इस संस्था में अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष बने हैं। इसके अलावा काम-काज में इनोवेटिव आईडियाज़ के जरिए उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी अलग साख और पहचान बनाई है।

जैम एंड ज्वैलरी स्किल कौंसिल आफ इंडिया वस्तुत भारत सरकार के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत की गई एक पहल है, जिसके जरिए युवाओं-कामगारों को डायमंड प्रोसेसिंग, कलर्ड जैम स्टोंस प्रोसेसिंग, ज्वैलरी उत्पादन तथा डिजाइनिंग, थोक खुदरा तथा निर्यात बाजार के बारे में प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाया जाता है, ताकि जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को आवश्यकतानुसार मैन पावर मिलती रहे। कौंसिल को रत्न आभूषण एवं निर्यात संवर्धन परिषद (GJEPC) ने प्रमोट किया है तथा ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर, आल इंडिया जैम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक कौंसिल और सीप्ज जैम एंड ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग असोसिएशन, मुंबई इसमें सह प्रवर्तक हैं। भारत सरकार के कौशल विकास विभाग ने भारतीय रत्न आभूषण उद्योगों में कौशल विकास के लिए इसे नोडल एंटाइटी भी बनाया है।


BTC
BAID TRADING CORPORATION
Radiant Beauty
Discover the allure of
Russian Emeralds & Navratna Stones
PRAKASH BAID
SAURABH BAID : +91-98290-37360
GAAUTAM OSWAAL : +91-99286-44242
DIVYANSH BAID : +91-98284-20408


Savio®
Jewellery
GUINNESS WORLD RECORD HOLDER (2015-2018)
JEWELLERY HOUSE HONOURED BY THE PRESIDENT OF INDIA LATE SHRI PRANAB MUKHERJEE
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur 302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY E-71, Ground Floor, Sitapura Industrial Area, EPIP Gems Jewellery Zone, Jaipur 302022, INDIA, Tel: 0141-2991499
saviojewellery
saviojewellery@gmail.com
www.saviojewellery.com















# Ratan Jewellers & Sons

M.L.D.

E-mail : ratanjewellersindia@gmail.com
Website : www.ratanjewellersindia.com

Our Sister concern firm is

# Beads Paradise

Email : info@beadsparadiseindia.com

**Exporters, Importers, Manufacturers and Commission Agents of all Types of Precious and Semi-Precious Beads.**

**We Also Deals in Rough Stones**

Contact Persons:

| | |
|---|---|
| Mahaveer Daga | +91-98290-12571 |
| Sanjay Daga | +91-98292-92571 |
| Gautam Daga | +91-94140-42853 |
| Akshay Daga | +91-98295-95484 |

4872, K.G.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur-302 003 (India) | Ph.: +91 141 2578082 | Fax : +91 141 2575671




SHREE JEE
JAIPUR

*Fine Jewelry*
*Since Generations*

G-10 Man Upasana Plaza, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur

Book An Appointment +91 9950514440 +91 0141 2371444 shreejeejeweller.com shreejeejaipur



ILLUME OF LOVE,
PLUME OF RADIANCE

©

JEWELS OF JAIPUR

GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD.

/jewelsofjaipur

ROYAL
GEMS & JEWELS

RUBY A SPARK OF PASSION IN EVERY GLOW
TIMELESS TREASURE THAT FOREVER WILL SHOW



FINE JEWELLERY BOUTIQUE STORE

135, M.I. Road, Jaipur - 302001 INDIA

Phone:0141-4901188, Mobile:+91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,
Website: www.royalgemsandjewels.com
Instagram: royalgemsandjewels

केस स्टडी

# जाम्बियन, इथियोपियन और ब्राजीलियन पन्ना

## पन्ने के मूल स्रोत का निर्धारण: परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियाँ

गगन चौधरी, एफजीए

## परिचय

आइए इस केस स्टडी के माध्यम से रत्नों की उत्पत्ति निर्धारण को समझें, साथ ही जाम्बियन, इथियोपियन और ब्राजीलियन पन्नों को पहचानने और उनके बीच अंतर करने में आने वाली चुनौतियों और दृष्टिकोणों को भी जानें।

**रत्नों का निर्धारण मुख्य रूप से निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है:**

उन स्थानों की भूवैज्ञानिक सेटिंग जहां से रत्न की उत्पत्ति होती है - HOST चट्टान का प्रकार, HOST चट्टान और आसपास की चट्टानों के बीच रिएक्शन, दबाव-तापमान की स्थिति और गठन के समय रासायनिक वातावरण। रत्न का जैमोलॉजिकल-खनिज लक्षण - इनक्लूजन फीचर (जैसे अन्य मिनरल्स की प्रकृति एवं प्रकार, कैविटी फिलिंग और ग्रोथ पैटर्न), आप्टिकल प्रॉपर्टीज (रिफ्रेक्टिव इंडेक्स, बायरफ्रिंजेंस, ल्यूमिनस्केंस रिएक्शन आदि), स्पैक्ट्रल फिंगरप्रिंट (एब्जार्प्शन पैटर्न या इन्फ्रा रेड फीचर्स), सभी तरह की केमिकल फिंगरप्रिंटिंग और तत्वों की पहचान या शिनाख्त।

यह कहा जा सकता है कि जैमोलॉजिकल और मिनरोलॉजिकल प्रॉपर्टीज का समावेशन उस भूगर्भीय स्थिति पर निर्भर है, जहाँ जैमस्टोन बनता है।



चित्र 1: ब्राज़ील (बाएँ) और इथियोपिया (दांए) के पन्ने में एक जैसा ही हरा रंग होता है, हालाँकि यहाँ दर्शाए गए ब्राज़ीलियाई पन्ने में इनक्लूजन के कारण ट्रांसपेरेंसी कम है|



चित्र 2: ज़ाम्बिया के पन्नों में हरा रंग हल्का पीलापन और नीलापन लिए होता है|

कुछ रत्न समान भूवैज्ञानिक सेटिंग में विकसित होते हैं और भूगर्भीय स्थिति समान रहने के कारण उनकी जैमोलॉजिकल प्रापर्टीज, लक्षण और केमिकल फिंगरप्रिंट के लिहाज से ओवरलैप हो जाती है अर्थात वे समान नजर आते हैं। ऐसे में दो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों या माइंस से आए जैमस्टोन को अलग-अलग दर्शाने के लिए सूक्ष्म विश्लेषण करने वाली लैबोरेट्रीज की जरूरत होती है जिनके पास पर्याप्त उपकरण व संसाधन हों।

## केस स्टडी

### जाम्बियन, इथियोपियन और ब्राजीलियन पन्ना

आज, ज़ाम्बिया से पन्ना उद्योग में कमर्शियल से लेकर सुपर फाइन और प्रीमियम क्वालिटी में लगातार आपूर्ति हो रही हैं। वर्ष 2020 की शुरुआत से, इथियोपिया के पन्ने भी बाज़ार में नियमित रूप से देखे जा रहे हैं, जबकि ब्राजील के पन्ने कई दशकों से बाज़ार में मौजूद हैं। इन तीनों ही डिपॉजिट्स से सुपर फाइन और प्रीमियम क्वालिटी वाले पन्ने गहरे हरे रंग के होते  हैं।

हालांकि, इन तीनों डिपॉजिट्स की समान भूवैज्ञानिक सेटिंग के कारण, उनके विकास का वातावरण, इनक्लूजन फीचर और ऑप्टिकल प्रापर्टीज सहित उनके जैमोलॉजिकल गुण ओवरलैप होते हैं, जिससे उन्हें अलग करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसलिए, केमिकल फिंगरप्रिंटिंग और कुछ विशिष्ट रासायनिक तत्वों का पारस्परिक सम्बन्ध उन्हें अलग करने में मदद करते हैं।

#### भूगर्भीय वातावरण

ये तीनों डिपॉजिट्स माइका सिस्ट से जुड़े हैं जो टेक्टोनिक-मैग्मैटिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होते हैं, अर्थात, मैग्मा के ठंडा होने और क्रिस्टलीकरण के कारण बनते हैं। हालांकि, ठंडा होने के दौरान, मैग्मा पहले से मौजूद चट्टानों के साथ एक जटिल रासायनिक प्रतिक्रिया करता है, जिसके परिणामस्वरूप पन्ना सहित विभिन्न प्रकार के रॉक स्टोन्स और मिनरल्स बनते हैं |

#### इनक्लूजन फीचर

चूंकि जाम्बिया, इथियोपिया और ब्राजील के पन्ने सिस्ट से जुड़े हुए हैं, इन सभी पन्नों में माइका सबसे आम मिनरल इनक्लूजन है। अन्य मिनरल्स में क्वार्ट्ज, फेल्डस्पार, टैल्क, क्लोराइट, एक्टिनोलाइट इत्यादि मौजूद हैं। इसलिए, विशिष्ट मिनरल इनक्लूजन की उपस्थिति या अनुपस्थिति इन डिपॉजिट्स को अलग करने में मदद नहीं करती है। हालांकि, सांता तेरेज़िन्हा (ब्राज़ील) के पन्ने में क्रोमाइट, पाइराइट और कार्बोनेट (केल्साइट/डोलोमाइट) क्रिस्टल का होना एक विशेषता है।

ज़ाम्बिया और ब्राजील के पन्ने में इल्मेनाइट और हेमेटाइट की महीन पतली और रिफ्लेक्टिंग फिल्में इसकी विशेषता है। अनुभव और संदर्भ नमूनों का उपयोग करके, इन फिल्मों के पैटर्न के आधार पर इन दोनों डिपॉजिट्स को अलग करना संभव है।

सामान्यतया, अन्य द्रव्य इनक्लूज़न जैसे 2-फेज़ या 3-फेज़ का पैटर्न समान दिखाई देता है। इन सभी डिपॉजिट्स में 2- या 3-फेज़ का पैटर्न, ब्लॉकी – आयताकार(रेक्टंगुलर) होता है जो क्रिस्टल की लम्बाई में मौजूद रहते हैं | इन ब्लॉकी इनक्लूज़न के साथ या जुड़ी हुई सफ़ेद–धुंधली फ़िल्म भी आमतौर पर इन पन्नों में देखी जाती है| साथ ही लम्बी ग्रोथ ट्यूब भरपूर मात्रा में देखी जा सकती है |

एक जैसे दिखने वाले इनक्लूज़न के कारण, इन तीन डिपॉजिट्स के पन्नों को अलग करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।



चित्र 3: ज़ाम्बियन पन्ने में रिफ्लेक्टिंग फिल्म्स |



चित्र 4: ब्राज़ील, इथियोपिया और ज़ाम्बिया से आने वाले पन्नों में २-फेज़ इनक्लूजन के साथ सफेदी लिए धुंधली फिल्म आम तौर पर देखी जा सकती है |



चित्र 5: ब्राज़ील, इथियोपिया और ज़ाम्बिया से आने वाले पन्नों में 2-फेज़ इनक्लूजन का पैटर्न, ब्लॉकी – आयताकार (रेक्टंगुलर) होता है जो क्रिस्टल की लम्बाई में मौजूद रहते हैं |



चित्र 6: ब्राज़ील, इथियोपिया और ज़ाम्बिया के पन्नों में लम्बी ग्रोथ ट्यूब भरपूर मात्रा में देखी जा सकती है |



चित्र 7: सांता तेरेज़िन्हा (ब्राजील) के पन्ने में क्रोमाइट, पाइराइट और कार्बोनेट (केल्साइट / डोलोमाइट) क्रिस्टल का होना एक विशेषता है।

## ऑप्टिकल प्रॉपर्टीज़

इन डिपॉजिट्स से उत्पन्न होने वाले पन्ने के रिफ्रेक्टिव इंडेक्स (RI) और बायरफ्रेंसेंस में एक करीबी ओवरलैप होता हैं, और इसलिए इन्हें अलग करना आसान नहीं होता हैं।

## केमिकल फिंगरप्रिंटिंग

